आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



## विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में हुआ युवाओं का जुटान

# आप योजनाएं बनायें, हम काम करेंगे : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम के तहत रांची के युवाओं के साथ सांसद संजय सेठ ने संवाद किया। संवाद के विषय में सांसद ने युवाओं से यह जानना चाहा कि विकसित भारत में रांची की भूमिका क्या होगी? उसमें युवाओं का योगदान क्या होगा? श्री सेठ ने युवाओं से उनके विचार लिये और उन्हें बताया कि विकसित भारत सिर्फ प्रधानमंत्री का लक्ष्य नहीं है। यह देश की 140 करोड़ जनता का भी लक्ष्य है। इस लक्ष्य के अनुरूप देश के हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी है। विकसित भारत के लक्ष्य और संकल्प को पूर्ण करने में सबसे अधिक और सक्रिय भागीदारी युवाओं की ही है। सांसद




ने हर युवा को विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बताया। आज के इस कार्यक्रम में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा व्यवसायी, युवा उद्यमी, खिलाड़ी सहित दर्जन भर से अधिक क्षेत्र के लोग जुटे हुए थे। सांसद के साथ परिचर्चा कार्यक्रम में युवाओं ने आने वाले 5 साल में रांची के विकास को लेकर भी सांसद को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। युवाओं ने कहा कि रांची राजधानी तो बन गयी परंतु आज भी कई राज्यों की राजधानी से पीछे है। हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए। वहीं खिलाड़ियों, युवा उद्यमियों, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र से जुड़े युवाओं ने भी अपनी-अपनी समस्याएं भी बतायी और उसके समाधान के लिए सुझाव भी दिये। युवाओं ने कहा कि रांची देश की खेल राजधानी भी बन सकती है। आइटी राजधानी भी बन सकती है और भी कई संभावनाएं हैं। सांसद ने युवाओं को कहा कि रांची के विकास का लक्ष्य आप तय करिए। उसका रेखांकन आप करिए। उसका मानचित्र आप तैयार करिए। मैं हर कदम पर आपके साथ हूं। इस अवसर पर अमित चौधरी, स्पर्श चौधरी, प्रशांत शेट्टी, अनीश जायसवाल, पंकज कुमार, तरुण अग्रवाल, श्याम बिहारी, हर्षित भदानी, शशि उरांव, आरती सिंह, आशीष सत्यव्रत साहू, श्रुति सेनापति, अंकुश कसेरा, अमनप्रीत सिंह सहित कई युवा मौजूद थे।

# पहाड़ी मंदिर का बदलेगा लुक एक्शन में पर्यटन विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पहाड़ी मंदिर का कायाकल्प किया जायेगा। मंदिर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने और लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के प्रयास तेज किये जा रहे हैं। पहाड़ी मंदिर परिसर में जल्द रोपवे, पहाड़ी बाबा कारिडोर, परिक्रमा पथ बनाने की योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए फीजिबिलिटी स्टडी कार्य शुरू होने जा रहा है। जियोलाजिकल सर्वे टीम इसका अध्ययन करेगी। यह कार्य केंद्रीय एजेंसी राइट्स को सौंपा गया है। एसडीओ उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के पदधारकों और झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के जीएम राजीव कुमार ने बैठक की है। बता दें कि शिवरात्रि के दिन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण कराने की घोषणा की थी। पहाड़ी मंदिर समिति के प्रवक्ता बादल ने बताया कि रोप-वे, स्काईब्रिज, पहाड़ी बाबा कारिडोर परिक्रमा पथ बनाया जायेगा। हालांकि, पूर्व में रोपवे और स्काईब्रिज निर्माण के लिए भी प्रकिया शुरू की गयी थी, लेकिन फिर इसे उपयुक्त नहीं पाया गया था, जिसके बाद इस पर रोक लगा दी गयी थी।

### गुंबद को दिया जायेगा नया लुक

छह माह पहले से ही पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण की योजना बनायी गयी थी। इसमें 15 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर के गुंबद को नया लुक देने, मंदिर के आसपास को पयर्टन स्थल के रूप में विकसित करने, पार्किंग स्थल, कैफेटेरिया और रेस्टूरेंट आदि की व्यवस्था करने की बात थी। इसके अलावा योजना में पुजारियों और पदाधिकारियों के ठहरने के लिए आश्रम और भक्तों के आराम के लिए रेस्ट हाउस का निर्माण आदि शामिल हैं।

# सीएम को वैश्य मोर्चा ने मांग-पत्र दिया

**चार मंत्रियों को भी सौंपा गया मांग-पत्र**

**ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग के गठन की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिला और नौ सूत्री मांग-पत्र सौंपा।

साथ ही मांग-पत्र की कॉपी ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी सौंपी। वैश्य मोर्चा ने नौ सूत्री मांग-पत्र



सौंप कर ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना कराने, छोटे दुकानदारों का 10 लाख रुपये तक ऋण माफ करने, वैश्य समाज के लोगों की लूटी गयी जमीन वापस दिलाने, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने, वैश्यों पर हो रहे हमलों, हत्या, रंगदारी, लूट की घटनाओं पर रोक लगाने तथा वैश्य समाज को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, इंदुभूषण गुप्ता, रोहित शारदा, अनिल वैश्य, हलधर साहू, प्रीति कुमारी साहा, कुलदीप साहू, सुबोध कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

# साक्षात्कार के लिए विषय ज्ञान जरूरी: डॉ खाटुवा

**संत जेवियर्स कॉलेज रांची में 'साक्षात्कार तकनीक' पर कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची आइक्यूएसी और संत जेवियर्स यूनिवर्सिटी कोलकाता द्वारा 'स-ाक्षात्कार तकनीक' पर मंगलवार को दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर उपस्थित संत जेवियर्स यूनिवर्सिटी कोलकाता के मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो डॉ सितांग्शु खाटुवा ने साक्षात्कार तकनीक के गुर को समझाया और विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी




साक्षात्कार से पहले विषय का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए। अपनी शक्तियों और कमजोरियों को जानते हुए अपनी बातों को तर्कसंगत तरीके से साक्षात्कार में रखना चाहिए। कार्यशाला में उपस्थित दूसरे वक्ता प्रो प्रियंकुर बोस ने भी छात्रों को साक्षात्कार से संबंधित अहम जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन प्रो एकता आर्या ने किया। कार्यक्रम में डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स वोकेशनल और मैनेजमेंट स्टडीज के विभागाध्यक्ष प्रो गौतम रुद्रा, बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ अभिजित डे, प्रो निधि आर्या, प्रो डॉ कौशिक दत्ता, प्रो डॉ शकील अनवर, प्रो दीपेंद्र कुमार, प्रो राकेश दीक्षित, प्रो हुसैन अहमद, प्रो फेबियन टेटे और प्रो मनीषा तिर्की समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## मूलवासी सदान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रभारी से मिला, कहा

# सदानों के अधिकारों की हो रही राजनीतिक हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी से मंगलवार को सर्किट हाउस में मुलाकात की। मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी से कहा कि झारखंड में परिसीमन कराने की आवश्यकता है। उन्होंने विधानसभा की सीट को 81 से बढ़ा कर 160 करने और लोकसभा की सीट को 28 करने की मांग रखी। प्रसाद ने वाजपेयी को बताया कि झारखंड के 112 प्रखंडों की सभी पंचायतों में मूलवासी सदानों को मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया है, जबकि पहले से ही बहुत



सारे लोकसभा, विधानसभा में मूलवासी सदान विधायक, सांसद नहीं बन पा रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में तीन तरह के लोग वास करते हैं। मूलवासी सदान, जिनकी आबादी 65%है जो मूलनिवासी हैं। दूसरी जनजाति है जिनकी आबादी 26%है। तीसरा 9 से 10% प्रवासी हैं। प्रसाद ने कहा कि संवैधानिक प्रावधान के तहत जनजातियों को तो बहुत सारी सुविधाएं प्राप्त हैं, लेकिन बहुसंख्यक मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से ही वंचित किया जा रहा है। इससे मूलवासी सदानों में दिनों-दिन नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि जो अनारक्षित लोकसभा और विधानसभा की सीटें हैं, उन पर दूसरे राज्यों के लोगों को प्रत्याशी बना कर मूलवासी सदानों के अधिकारों की राजनीतिक हत्या की जा रही है। राज्यसभा में भी बाहरी लोगों को भेजा जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने वाजपेयी को स्पष्ट शब्दों में कहा कि ना कोई हम बाहरी-भीतरी की बात कर रहे हैं और ना किसी के खिलाफ में बात कर रहे हैं, हम सिर्फ और सिर्फ मूलवासी सदानों के अधिकारों के संदर्भ में आपको अवगत करा रहे हैं। वाजपेयी को मूलवासी सदानों की विभिन्न मांगों और समस्याओं और उनके अधिकारों से संबंधित बातों की जानकारी दी गयी। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के वरिष्ठ सलाहकार क्षितीश कुमार राय, डॉ सुदेश कुमार साहू, स्वामी दिव्यज्ञान, विशाल कुमार सिंह, प्रोफेसर अरविंद प्रसाद, चंदन प्रसाद, संजय कुमार, रंजीत राय आदि शामिल थे।

# चतरा से कुशवाहा शशिभूषण को उम्मीदवार बनाने की मांग




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से कुशवाहा समाज से एक भी प्रत्याशी नहीं देने से समाज के लोगों में नाराजगी है। इसे लेकर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभय कुशवाहा ने प्रेस वार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में कुशवाहाओं की संख्या काफी है। समाज के 90 फीसदी लोग बीजेपी को समर्थन करते है। लेकिन इस बार अब तक भाजपा की ओर से कुशवाहा समाज से एक भी उम्मीदवार नहीं दिया गया है। जबकि झारखंड के चार लोकसभा सीटों पर कुशवाहा बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमे कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग एवं चतरा शामिल है। समाज के लोगों आस लगाए हुए है कि चतरा से समाज के विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता को अवसर मिलेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश के पदाधिकारी चूड़ामणि महतो, अमरनाथ महतो, प्रयाग महतो समेत अन्य मौजूद थे।

# श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का किया गया केशर-चंदन तिलक श्रृंगार

**93वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में खाटूनरेश की आराधना के साथ रुद्रावतार हनुमान जी की अरदास हेतु आज 93वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया। सुनील मोदी आशा मोदी बलराम मोदी एवं शिखा मोदी द्वारा अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गयी। पुष्पा देवी पोद्दार द्वारा केसरिया पेडा प्रसाद सेवा, श्रवण ढांढनिया द्वारा चना प्रसाद सेवा, प्रत्यूष अग्रवाल द्वारा फल प्रसाद सेवा एवं मुकेश मित्तल द्वारा गिरी गोला सेवा अर्पित की गयी। पाठ वाचक मनीष सारस्वत तथा ओम शर्मा एवं अन्य ने साज बाज के साथ श्री गणेश वंदना कर हनुमान चालीसा पाठ के बाद सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। पाठ के बीच-बीच में भजनों की गंगा भी प्रवाहित की गयी। पूरा श्याम मंदिर बजरंगबली के



जयकारों से गुंजायमान होता रहा। तत्पश्चात श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि अवसर विशेष के उपलक्ष्य में राजस्थान के खाटूधाम मंदिर और रांची स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभु का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। बाबा का केशर चंदन तिलक श्रृंगार मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा ने किया। महाआरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। खाटू में चढ़ाये गये 108 निशान श्री श्याम मित्र मंडल का 108 भक्तों का दल रिंग्स से पदयात्रा करते हुए हाथों में लहराते निशान लेकर बाबा श्याम के दरबार में हजारी लगा मथा टेक बाबा को अपनी अरदाश लगायी। इसके पूर्व भक्तों का दल रिंग्स स्थित निशान भवन में पहुंच कर बाबा श्याम का भव्य दरबार लगा कर गणेश वंदना कर सभी देवी देवताओं के भजन गायन कर खाटू नरेश के मीठे मीठे भजन गाये। सभी भक्तों ने एक-एक कर अखंड ज्योति में आहुति देकर बाबा को रिझाया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में सभी ने इसके बाद रिंग्स से खाटू के 17 की पावन पदयात्रा शुरू की।

**हरमू रोड श्री श्याम मंदिर का निशान शोभा यात्रा 18 मार्च को** : श्री नारसरिया ने बताया कि 18 मार्च 2024 को निशान शोभा यात्रा के द्वारा निशान चढ़ेंगे। निशान शोभायात्रा मारवाड़ी भवन हरमू रोड से प्रारंभ होकर रातू रोड प्यादा टोली महावीर चौक गांधी चौक शहीद चौक कार्ट सराय रोड जेजे रोड गाड़ी खाना चौक होते हुए श्री श्याम मंदिर आयेगी।

### श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 17 मार्च को, तैयारियां जोरों पर

रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में 17 मार्च 2024 दिन रविवार को नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8 बजे बाबा श्री श्याम का ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों बूटी मोड़, बरियातू रोड, कचहरी रोड, अपर बाजार का भ्रमण करते हुए श्री श्याम मंदिर हरमू रोड रांची में श्री श्याम का ध्वजा निशान समर्पण के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी भी खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर रिंग्स से खाटू धाम की है। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि यूं तो इस पावन माह में कई ध्वजा पदयात्राएं होती हैं। रांची मे 2 वर्षों से श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति द्वारा यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि 17 मार्च को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा के निशान कार्ड हेतु श्याम प्रेमी मोबाइल-9534033233, 9430055620, 8235575481, 8210091921, से संपर्क कर अपना नाम लिखवा कर ध्वजा निशान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हरिशंकर परशुरामपुरिया, ललित कुमार पोद्दार, गोपाल मुरारका, अशोक लाडिया, रवि चौधरी, संजय परशुरामपुरिया, आनंद चौधरी, प्रदीप अग्रवाल, प्रमोद परशुरामपुरिया, नवीन डोकानियां, राजेश ढांढनिया, संजय सर्राफ सहित अन्य श्याम भक्त जोर-शोर से तैयारियां में लगे हुए हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## महत्वपूर्ण खबरें

### परिवहन मंत्री से मुलाकात की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के कल्याण एवं परिवहन मंत्री, दीपक बिरुआ से मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संयोजक एवं आजसू के पूर्व अध्यक्ष विमल कच्छप ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस वार्ता में विमल कच्छप ने झारखंड आंदोलकारियों के हित के लिए योजनाओं की मांग की, साथ ही झारखंड राज्य के द्वारा आदिवासियों के कल्याण हेतु चलायी गयी योजनाओं में हुए अवरोध को दूर करने की भी मांग की। कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ ने यह आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस पर सकारात्मक पहल की जायेगी। इस मौके पर विमल कच्छप के साथ झारखंड राज्य किसान महासभा के संरक्षक अजीत मिंज एवं सतीश कुमार मौजूद थे।

### नागपुरी भाषा का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ बीरेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। साहित्य अकादमी दिल्ली का साहित्योत्सव 2024 का आयोजन 11 से 16 मार्च तक मध्य रवींद्र भवन परिसर, नयी दिल्ली में हो रहा है। सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारी, प्राध्यापक सह साहित्यकार डॉ बीरेंद्र कुमार महतो को भी आमंत्रित किया गया है, जो 14 मार्च को अपनी भाषा नागपुरी में प्रस्तुति देंगे। नागपुरी भाषा के विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी, डॉ रीझू नायक, डॉ खालिक अहमद, डॉ रामजय नायक, युगेश प्रजापति, आलोक कुमार मिश्रा, मोनिका मुंडा, स्वेता कुमारी, प्रीति मुंडा, डॉ किशोर सुरिन, डॉ नंदकिशोर साहू, डॉ मंजय प्रमाणिक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विश्व का सबसे बड़ा साहित्योत्सव में नागपुरी भाषा व साहित्य को मंच मिलना अपने आप में एक इतिहास है। इससे झारखंड की सबसे बड़ी आदिवासी व मूलवासियों की संपर्क भाषा नागपुरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में बल मिलेगा।

### टीआरएल संकाय में बना शोधार्थी संघ



रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के शोधार्थियों की बैठक संकाय परिसर स्थित पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा अखड़ा में हुई। इस बीच संकाय के शोधार्थियों का एक संघ बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता नागपुरी भाषा के विजय आनंद जबकि संचालन खोरठा विभाग के शोधार्थी अजय कुमार दास द्वारा किया गया। प्रस्तावक के रूप में कुड़ुख विभाग के सुखराम उरांव रहे। टीआरएल संकाय के शोधार्थी संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों में युवराज कुमार साहू को अध्यक्ष, माणिक कुमार, सरिता कुमारी को उपाध्यक्ष, श्रीकांत गोप को महासचिव, सुखराम उरांव को सचिव, सेरोफिना हेंब्रम को संयुक्त सचिव, नीरज कुमार महतो को उप-सचिव, बब्लू कुमार, श्याम सुंदर यादव को कोषाध्यक्ष, सोनू सपवार को मिडिया प्रभारी, कुमार चाणक्य, अजय कुमार दास, पाडू राम हाइबुरु को प्रवक्ता एवं विक्की मिंज को सोसल मिडिया प्रभारी बनाया गया। इनके अलावा प्रियंका उरांव, शिला उरांव, चंचला कुमारी, जगदीश उरांव, नेहा कमारी व मोहित सेठ को कार्यकारी सदस्य के रूप में चयनित किया गया। टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उरांव ने सभी चयनित पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी।

### 'केंद्रीय सरना समिति को एक किया जायेगा'



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, महासचिव जादो उरांव, बानो मुंडा एवं केंद्रीय सरना समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय लिंडा ने कहा कि वर्तमान समय में केंद्रीय सरना समिति तीन-चार गुटों में बंटकर समाज कमजोर हुआ है। बाबा कार्तिक उरांव ने जो समाज को एकजुट एवं सशक्त बनाने का जो सपना देखा था उनका सपना चूर-चूर हो गया है। फर्जी केंद्रीय सरना समिति बनाकर समाज को लोग बेचने का काम कर रहे हैं एवं संयुक्त रूप से निर्णय लिया गया कि सरहुल पूजा महोत्सव के बाद सेमिनार बुलाकर केंद्रीय सरना समिति को एक करने पर चर्चा किया जायेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, प्रमोद एक्का, सहाय तिर्की, नीरा टोप्पो, झारखंड सरना मसना विकास समिति के अध्यक्ष माधो उरांव, सचिव नंदा उरांव, महासचिव बुधराम उरांव, लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष चैतू उरांव, सचिव यशपाल भगत, सरस्वती सिंगर समिति चिरौंदी के लोक कलाकार जीवन जोशी, शिवा नायक, बसंती देवी, सरस्वती देवी एवं अन्य मौजूद थे।

## कैबिनेट के अन्य फैसले

- राज्य सरकार के कर्मचारियों और अधिकारियों के परिवहन भत्ते में बढ़ोत्तरी। लेवल वन और लेवल टू के कर्मियों के लिए परिवहन भत्ता 36 सौ और अन्य लेवल के कर्मियों के लिए 18 सौ रुपये होगा।
- राज्य सरकार के कर्मियों का आवास और किराया भत्ता तय।
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से बीपीएल को जोड़ा गया और इसके लिए झारखंड के 11 और राज्य के बाहर के 20 तीर्थ स्थानों को जोड़ा गया।
- नयी दिल्ली के नये झारखंड भवन के लिए 105.29 करोड़ की स्वीकृति।
- पैरामेडिकल नियमावली का गठन।
- सेवानिवृत्ति के स्टेज में पहुंच चुके वन क्षेत्र में नियुक्त पदाधिकारियों की सेवा में एक से तीन वर्ष का अवधि विस्तार।
- प्राथमिक विद्यालयों में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई के लिए घंटी आधारित शिक्षकों का जिलावार चयन होगा।
- चंदवा-लातेहार के 400 केवी संचरण लाइन और पतरातू में 400 केवी संचरण लाइन के मामले के विवाद को पीजीसीइ और जेबीएसएनल से निपटारे के लिए उच्च स्तरीय कमेटी को देने का फैसला।
- संचरण कार्य न रुके, इसके लिए पीजीसीआइएल को चार करोड़ रुपये देने की मंजूरी।
- सरकारी स्कूल में कक्षा एक से चार में पढ़नेवाले बच्चों का मूल्यांकन शिक्षक करेंगे और आठवीं से ऊपर का मूल्यांकन जैक करेगा।
- खूंटी, चतरा, लोहरदगा, हजारीबाग, जामताड़ा, गोड्डा, पलामू, बगोदर पॉलिटेक्निक को पैन आइटी से संचालित करने के लिए 77 करोड़ रुपये की मंजूरी।
- डीएवी पुंदाग से डीएवी हेहल तक 1.87 किलोमीटर रोड निर्माण कार्य के लिए 102 करोड़ 68 लाख 99 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# जेपीएससी ने एडमिट कार्ड जारी किया, परीक्षा 17 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। एडमिट कार्ड जारी करने से पहले शनिवार को जेपीएससी ने अधिसूचना जारी कर 12 मार्च को एडमिट कार्ड जारी करने की बात कही थी। सिविल सेवा की परीक्षा 17 मार्च को है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा 10 से 12 बजे, वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दो से चार बजे तक होगी। जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए यूजर आइडी जैसे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आइडी और पासवर्ड डालना होगा।

# रांची शहर में दो महीने के लिए धारा 144 लागू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली को देखते हुए लिया गया निर्णय**

**रांची।** रांची शहर के कई स्थानों पर दो माह के लिए धारा 144 लगा दी गयी है। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने दंप्रसं० की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 144 लागू करने का निर्देश दिया है। बताया जाता है कि विभिन्न संगठनों, दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली आदि किये जाने की सूचना को लेकर सदर एसडीओ ने आदेश जारी किया है। जाकिर हुसैन पार्क की जगह लोग राजभवन के मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास पर भी धरना, प्रदर्शन करने लगे हैं।

बता दें कि हाल के दिनों में पूर्व में निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क की जगह ऐसे कार्यक्रम राजभवन के मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास, काँके रोड पर भी शुरू हो गये हैं। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होती है। विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा शांति भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के मद्देनदर 12 मार्च दोपहर 12 बजे से 10 मई 2024 (60 दिन) या अगले आदेश तक धारा 144 लागू की गयी है।

### इन स्थानों पर लगायी गयी है धारा 144

- मुख्यमंत्री आवास मोराबादी की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।
- पुराना मुख्यमंत्री आवास कांके रोड की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।
- राजभवन की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में (जाकिर हुसैन पार्क को छोड़ कर)।
- झारखंड उच्च न्यायालय की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।
- नयी विधानसभा की चहारदीवारी से 500 मीटर की परिधि में।
- प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।

# कौन है राजू साव जिसे हजारीबाग पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**अब इडी कर रही है छापेमारी, राजू साव पर उग्रवादी संगठन के सरगना होने का आरोप लगा था**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड में अवैध खनन सहित कई मामलों की जांच कर रही इडी ने मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद और उसके करीबी के ठिकानों पर दबिश दी है। इनमें राजू साव का भी नाम शामिल है। फरवरी 2020 में हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी के अधिकारियों को शराब के नशे में अपने अन्य साथियों के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में हजारीबाग पुलिस ने राजू साव सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था। राजू साव पर उग्रवादी संगठन के सरगना होने का आरोप लगा था। बताया जाता है कि कांग्रेस के विधायक और झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की मंत्री पद की कुर्सी राजू साव के वजह से ही चली गयी थी। राजू साव हजारीबाग जिले के ओबीसी के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। राजू साव पर झारखंड बचाओ रक्षा आंदोलन उग्रवादी संगठन के सरगना होने का आरोप लगा था। एक दूसरा उग्रवादी संगठन झारखंड टाइगर ग्रुप जिसका मेंटॉर बनने का आरोप योगेंद्र साव पर लगा था, उसके सरगना राजकुमार गुप्ता ने पुलिस को बयान दिया था कि योगेंद्र साव ने जो हथियार उन लोगों को उपलब्ध कराये थे। उसे चलाने का प्रशिक्षण भी राजू साव ने ही दिया था। सोशल मीडिया पर तत्कालीन सीएम रघुवर दास के साथ उग्रवादी संगठन का सरगना बनने का आरोपी राजू साव का फोटो भी वायरल हुआ था। इससे पहले हेलीकॉप्टर में राजू साव की तस्वीर योगेंद्र साव के साथ वायरल हुई थी।

## चोरी का तरीका सीख मारवाड़ी कॉलेज का स्टूडेंट गिरोह बना कर उड़ाता था बाइक

# दो गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने बाइक चोरी की घटना को अंजाम देनेवाले दो गिरोह का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डेली मार्केट थाना पुलिस और चुटिया थाना पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिहार निवासी गिरोह के सरगना सूरज कुमार ने यूट्यूब पर बाइक चोरी का तरीका सीखा था। इसके बाद गिरोह बना कर विभिन्न इलाकों से बाइक उड़ाता था। आरोपी मारवाड़ी कॉलेज का स्टूडेंट्स है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के गया जिले के बाराचट्टी भगहर निवासी सूरज कुमार, नालंदा के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र स्थित छज्जापुर निवासी कौशलेंद्र कुमार, रामगढ़ जिले के बासल थाना क्षेत्र स्थित गेदगा निवासी तौफिक आलम, चुटिया थाना क्षेत्र निवासी बिट्टू कुमार और आदित्य शर्मा के नाम शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर 6 बाइक, लॉक तोड़ने का सामान, दो फर्जी नंबर प्लेट सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के अनुसार वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं उद्भेदन के लिए सभी थाना प्रभारियों को सघन एवं प्रभावी एंटीक्राइम चेकिंग तथा शामिल अपराधकर्मियों के गिरोह का पता लगाने के लिए सख्त निर्देश दिये गये हैं। बीते सोमवार को डेलीमार्केट थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध वाहन चालकों को उनके वाहन सहित पकड़ कर पूछ-ताछ एवं संबंधित कागजात की मांग किये जाने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछ-ताछ के क्रम में पता चला बिहार निवासी आरोपी रांची में रह कर मोटरसाइकिल चोरी का गिरोह बना कर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। पकड़े गये आरोपी की निशानदेही पर लालपुर, कांके एवं अनगड़ा थाना क्षेत्र से 6 बाइक, कई फर्जी नंबर प्लेट एवं चोरी में प्रयुक्त होने वाले औजार बरामद किये गये। इस संबंध में डेलीमार्केट थाना (कांड संख्या-07/2024) मामला दर्ज किया गया। गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार मारवाड़ी कॉलेज का छात्र सूरज कुमार मुख्य सरगना है। पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह यूट्यूब पर बाइक चोरी का तरीखा सीखा था। वहीं विकास कुमार सिंह नामक व्यक्ति ने बाइक (JH01DE-6157) चोरी को लेकर चुटिया थाना कांड संख्या-54/2024) प्राथमिकी दर्ज करवाया था। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी किये गये मोटरसाइकिल को बिट्टू कुमार ओर आदित्य शर्मा के पास से कृष्णापुरी रोड़ नं०-1ए से बरामद किया। पूछताछ के क्रम में दोनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। वाहन चोरी के इस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में भी पुलिस को बताया है। जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकाने पर छापमारी कर रही है।

# डबल मर्डर केस में शामिल अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में 21 फरवरी को देर शाम अज्ञात अपराधियों ने बिरसा उरांव और उसकी पत्नी सोनी मुंडा की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में रांची पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आरोपी ने बिरसा उरांव की आपकी विवाद में हत्या कर दी।

**बिरसा आरोपी युवक को लगातार धमकी दे रहा था**

जेल से निकलने के बाद बिरसा आरोपी युवक को लगातार धमकी दे रहा था, इसी वजह से उसने बिरसा की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार जिस वक्त बिरसा को गोली मारी गयी, उस दौरान बिरसा की पत्नी सोनी मुंडा ने आरोपी युवक को पकड़ लिया था, जिस वजह से उसकी भी गोली मार कर हत्या कर दी गयी।

**बिरसा उरांव हत्या मामले में जेल से सजा काट कर बाहर निकला था**

बिरसा उरांव घटना से कुछ देर पहले अपने घर लौटा था। उसकी पत्नी घर के बाहर खाना बना रही थी। इसी दौरान एक अपराधी बगल के खेत के रास्ते मौके पर पहुंचा और दोनों को गोली मार दी। बिरसा उरांव हत्या के मामले में जेल से सजा काट कर, कुछ दिन पहले ही बाहर निकला था। बिरसा ने तीन शादियां की थीं। सोनी मुंडा बिरसा उरांव की तीसरी पत्नी थी।

# रेलवे आवागमन झारखंड में और सुदृढ़ होगा : राज्यपाल

**राज्यपाल ने प्रधानमंत्री की तारीफ की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (मंगलवार) को रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को गुजरात से ऑनलाइन हरी झंडी दिखायी। इस मौके पर रांची रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आने वाले दिनों में रेलवे आवागमन झारखंड में और सुदृढ़ होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। राज्यपाल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व का पांचवां सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। उम्मीद है ये जल्द ही यह तीसरे नंबर पर होगा। आज सभी जगहों पर कई ट्रेनों की सौगात मिल रही है। इसलिए ट्रेनें समय पर आ रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में मालगाड़ी की कनेक्टिविटी में भी जबरदस्त सुधार हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि आज रांची के आसपास भी रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार हो रहा है। 350 करोड़ से भी अधिक की राशि आज रेलवे रांची में खर्च कर रहा है।

**धीरज साहू ने कहा, मोदी जानते हैं गरीबी की दर्द**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज यहां के लोगों का सपना पूरा किया है। देश को विकास की जरूरत थी। इसकी किसी को चिंता नहीं थी। लोगों को केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता थी। मोदी ने देश की जरूरत को समझा। इसलिए रेलवे के क्षेत्र में विकास करने के लिए वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी। मोदी ने गरीबी देखी है। इसलिए वह जानते हैं कि गरीबी का दर्द क्या होता है। वह चुनाव जीतने के बाद वादों को नहीं भूलते हैं। उन्होंने कहा कि इस रूट से कई ट्रेनें बनारस जाती हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह है कि रांची-लोहरदगा-डाल्टेनगंज रूट पर इस ट्रेन का संचालन हो। चूंकि हमारी परंपरा है, हम अस्थि लेकर बनारस जाते हैं। इसलिए इस ट्रेन का संचालन इस रूट से किया जाये।

### जो वादा किया, वह निभाया : संजय सेठ

सांसद संजय सेठ ने कहा कि कुछ दिन पहले वादा किया गया था, वो आज पूरा हुआ। आज प्रधानमंत्री ने देश को 10 वंदे भारत समर्पित की है। उनमें एक रांची भी शामिल है। उन्होंने कहा कि देश के राज्यों में बहुत कम राजधानियां हैं, जहां से तीन-तीन वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं। इसके साथ उन्होंने चुनाव के बाद चौथी वंदे भारत ट्रेन शुरू कराने का वादा किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने जितने भी वादे किये हैं, आने वाले समय में वो सभी पूरे होंगे। लोकसभा चुनाव में देश की जनता नरेंद्र मोदी को फिर सम्मान के साथ प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी।

**मोदी की गांरटी पूरी हुई : समीर उरांव**

राज्यसभा सदस्य समीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को पता था कि देश को विकास के लिए रेल के क्षेत्र में भी आगे आना होगा। आज स्टेशनों का विकास हो रहा है। ट्रेनों की संख्या बढ़ायी जा रही है। मोदी ने जो वादा किया था वह आज पूरा किया। मोदी की गांरटी पूरी हुई। राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा ने नयी वंदेभारत के लिए रांची सांसद संजय सेठ का शुक्रिया अदा किया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी और रेलमंत्री का आभार जताया।

## पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने सरकार से लगायी गुहार, ऑयल कंपनियां डीलरों पर बनाती हैं दबाव

# पेट्रोल पंप के डीलरों के कमीशन में बढ़ोतरी करे सरकार: राजहंस मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन साउथ छोटानागपुर के अध्यक्ष राजहंस मिश्रा ने कहा कि 2017 के बाद से डीलर कमीशन में बढ़ोतरी नहीं हुई है, लेकिन पेट्रोल डीजल के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इससे पंप के संचालन में खर्च बढ़ जाने के कारण पंप को चलाना अत्यंत कठिन हो गया है। सरकार से आग्रह है कि डीलर कमीशन में बढ़ोतरी किया जाये। श्री मिश्रा मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बैंक का ब्याज अत्यधिक बढ़ गया है। निवेश पर प्रतिफल कम है। महंगाई के कारण वेतन में बढ़ोतरी, विभिन्न सब्सिडी हटाना, निःशुल्क सेवा उपकरणों का रख रखाव, साउंड बॉक्स किराये की तरह डिजिटल लेनदेन का खर्च, इलॉक्स का किराया, सीसीटीवी कैमरे का खर्च, सौंदर्यीकरण, सुरक्षा उपकरणों का खर्च, बिक्री संवर्धन योजनाओं का खर्च, कर्मचारी कल्याण का खर्च, नकद प्रबंधन शुल्क, टैंक लॉरी ड्राइवर और क्लीनर टिप का खर्च, विशेषज्ञ सलाहकार शुल्क, बीमा लागत, बढ़ी हुई बिजली दर, जनरेटर का खर्च आदि डीलरों के लिए अब मुश्किल हो गया है। श्री मिश्रा ने कहा कि ऑयल कंपनियां अपने सभी डीलरों के ऊपर आवश्यकता से अधिक ब्रांडेड फ्यूल बेचने, क्षमता से अधिक लुब्रिकेंट उठाव का दबाव एवं नॉन फुपलिंग उत्पाद जैसे टायर, बैटरी इत्यादि पंपों पर बेचने को बाध्य कर रहीं है। प्रेसवार्ता में नीरज भट्टाचार्य, कमलेश सिंह, निपुण मृणाल, प्रवीण चौधरी, प्रशांत चौधरी, राहुल जायसवाल, पुनीत चड्ढा, नरेंद्र कुमार, आयुष और जेपीडीए के प्रवक्ता प्रमोद कुमार मौजूद थे।

# 14 आरक्षियों को हवलदार रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

**रांची।** आयुधिक आरक्षी को आयुधिक हवलदार कोटि में प्रोन्नति मिलेगी। आइजी मुख्यालय की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें 14 पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति देने का निर्णय लिया गया। जिन्हें प्रोन्नति मिली है, उनमें पुष्कर कृष्ण, ईश्वर राम, सरोज राम, दिलीप कुमार, राधाकांत प्यारेलाल, परमा राम, लाल सिंह मुंडा, रमाशंकर रजक, विवेक कुमार चौधरी, सोहन लाल, मनोज कुमार, विजय रजवार, अर्जुन राम और विनोद कुमार दास शामिल हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## महत्वपूर्ण खबरें

### द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वार्षिक संगोष्ठी 17 मार्च को



रांची (आजाद सिपाही)। द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद के सदस्य विद्याधर प्रसाद ने रांची चैप्टर के चेयरमैन एमके प्रसाद के साथ मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात की। गोस्नर कॉलेज रांची के सहयोग से कॉस्ट अकाउंटेंट्स के रांची चैप्टर की वार्षिक संगोष्ठी 2024 के लिए राज्यपाल को निमंत्रण दिया। संगोष्ठी 17 मार्च को कॉलेज सभागार में होने वाली है। राज्यपाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की सहमति दी। इस बैठक के दौरान विद्याधर प्रसाद और एमके प्रसाद ने राज्यपाल को संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कॉस्टिंग इंस्टीट्यूट के पाठ्यक्रमों के बारे में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने प्रकाश डाला कि लागत लेखाकार लागत-कटौती में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता से समझौता किये बिना दक्षता सुनिश्चित कर सकते हैं।

### साईंनाथ विश्वविद्यालय ने छोटानागपुर लॉ कॉलेज के साथ किया एमओयू




रांची (आजाद सिपाही)। साईंनाथ विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति- प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने छोटानागपुर लॉ कॉलेज, रांची के साथ एमओयू किया। एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति- प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल एवं छोटानागपुर लॉ कॉलेज के प्रिसिंपल-सह-रांची विश्वविद्यालय के विधि विभाग के डीन- डॉ पंकज चतुर्वेदी, लॉ कॉलेज के संकायाध्यक्ष-डॉ साक्षी पाठक मौजूद थे। इस एमओयू के द्वारा नॉलेज शेयरिंग मिशन की शुरुआत हुई है। एमओयू का उद्देश्य पाठ्यक्रम के अनुरूप छात्र इंटर्नशिप के साथ-साथ छात्र और संकाय सदस्यों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना है। साथ ही मूट कोर्ट एवं पुस्तकालय आदान-प्रदान कर विधि के विद्यार्थियों का वकालत कौशल बढ़ाना है। विश्वविद्यालय के कुलपति- डॉ अग्रवाल ने कहा कि इस एमओयू के जरिये कानून का अध्ययन करने से लेकर समाज की वर्तमान चिंता की समस्याओं के साथ सीधे जुड़ाव के माध्यम से प्रयोगात्मक शिक्षा की ओर बदलाव लाना है।

### बीएसएनएल के सुपर एज राउटर का उद्घाटन




रांची (आजाद सिपाही)। भारत संचार निगम लिमिटेड, रांची परिचालन क्षेत्र के अपर बाजार रांची स्थित मुख्य दूरभाष केंद्र में बीएसएनएल बोर्ड, नयी दिल्ली के निदेशक (सीएफए) विवेक बांझल द्वारा मंगलवार को सियूपीएस-बीएनजी (कंट्रोल प्लेन यूजर प्लेन सेपरेसन ब्रॉडबैंड नेटवर्क गेटवे) का लोकार्पण एवं सुपर एज राउटर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बीएसएनएल निगमित कार्यालय नयी दिल्ली के महाप्रबंधक (सीएफए) विवेक दुआ, झारखंड दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार, रांची व्यापार क्षेत्र के महाप्रबंधक उमेश प्रसाद साह, झारखंड दूरसंचार परिमंडल के प्रधान महाप्रबंधक (सीएफए) आशीष कुमार दास एवं महाप्रबंधक (भारत नेट) उपकार केडिया उपस्थित थे। बीएसएनएल निदेशक (सीएफए) विवेक बांझल ने बताया कि इससे हमारे सिस्टम की नेटवर्क हैंडलिंग की क्षमता पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गयी है। पहले हमारे बीएनजी की क्षमता 15 जीबीपीएस की थी, जो बढ़ कर अब 1.5 टेरा बाइट्स पर सेकंड की हो गयी है। सियूपीएस-बीएनजी 1 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को उच्च गति इंटरनेट की और भी बेहतर सेवा प्रदान करने में सक्षम है। सुपर एज राउटर की स्थापना होने के बाद से उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने से इंटरनेट स्पीड में कोई अंतर नहीं आयेगा।

### सीएमपीडीआइ में विश्व महिला दिवस मना




रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ (मुख्यालय), रांची में विविधता, सशक्तिकरण और आर्थिक असमानताओं के महत्व को उजागर करने के लिए अभियान थीम इंस्पायर इंक्जूजन के साथ विश्व महिला दिवस मनाया गया। कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यदि मजबूत अर्थव्यवस्था और एक स्वस्थ प्लानेट बनाना चाहते हैं तो लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को पहले से अधिक महत्ता प्रदान करना होगा। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/इएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महिला सभा की सदस्य सुषमा भारती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ साक्षी सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं में स्वास्थ्य समस्याओं और महिला के कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ शिल्पी स्वरूप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी/विप्स समन्वयक, महाप्रबंधक (सीपी) आभा प्रसाद एवं विभागाध्यक्ष (आइएडी) स्वप्नाली बसु की भूमिका अहम रही।

### 13 मार्च को निकालेंगे न्याय मार्च

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश की तहत फंसाये जाने के विरोध में विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठनों द्वारा 13 मार्च को न्याय मार्च का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने दी। उन्होंने बताया कि आदिवासियों के लोकप्रिय हेमंत सरकार को अस्थिर करने वाली ताकतों के खिलाफ जन-जन में आक्रोश है। आज यह आक्रोश वृहत रूप ले चुका है। इससे आगे कहा कि आदिवासियों को निशाना बनाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। आदिवासी आक्रोश मार्च 13 मार्च को सुबह 11 बजे भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल में माल्यार्पण करते हुए, लालपुर चौक, शहीद चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंचेगा।

## खिजरी विधायक ने रखी तीन योजना की आधारशिला



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मंगलवार को रामपुर में दुर्गा सोरेन चौक से रामपुर रिंग रोड फोरलेन डिवाईडर कैरिजवे चौड़ीकरण कार्य, जय प्रभा कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय टाटीसिलवे में शौचालय निर्माण एवं आरागेट के सिधाटोली में 2470 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक अपने संबोधन में कहा कि रामपुर रिंग रोड से दुर्गा सोरेन चौक जो टाउन को जोड़ती है। उसका फोरलेन होना अति आवश्यकता था। आए दिन दुर्घटना होते रहती है। फोरलेन बन जाने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की सख्त हिदायत दी। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, कांग्रेस कमेटी रांची जिला उपाध्यक्ष रमेश पांडेय, रांची जिला सचिव कांग्रेस कमेटी अनगड़ा प्रभारी मीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, शंकर गोप, रांची जिला ग्रामीण महासचिव अर्चना मिश्रा, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, मेरी तिर्की, विजय टोप्पो, सुनील उरांव, सरस्वती देवी, लक्ष्मी देवी, कल्याण लिण्डा, अनु बेक, मुरलीधर कुमार, मंगरा कच्छप, मदन टोप्पो, राजेश मुंडा, लक्ष्मण लकड़ा, कृष्णा गोप, तेलोस्फोर मिंज, किष्टो कुजूर, मंगल मुंडा, खुदिया कच्छप, अरविंद लोहरा, महेश्वर महतो, अंजू लकड़ा, पंचु तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक के साथ अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को लाह की खेती का प्रशिक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग की ओर से स्वीकृत लाह खेती योजनांतर्गत झास्कोलैम्पक की ओर से मंगलवार को प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें हरिहरपुर जामटोली लैम्पस के 100 किसानों को लाह उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त वरीय तकनीकी पदाधिकारी एसबी आजाद ने लाह की खेती करने वाले समूह को नई तकनीक से खेती का प्रशिक्षण दिया। कहा कि नई तकनीक से खेती कर किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने किसानों को बेर, कुसुम व पलाश पेड़ में लाह बीज को छोड़ने, लाह फसल को बीमारियों से बचाने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। वहीं, मैकनकिंग विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में लाह उत्पादों की मांग बढ़ने पर सरकार द्वारा लाह की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। साल में दो बार की जाने वाले इस खेती के लिए बीज जून-जुलाई और अक्टूबर-नवंबर महीने में छोड़ा जाता है। लेकिन इसकी तैयारी पहले से की जाती है। मार्च महीने के भीतर बीज लगाने के लिए पलाश व पेड़ों की कटाई-छटाई कर लेनी चाहिए। ग्रामीणों को बताया गया कि कुसुमी एवं रंगीनी इन प्रकार लाह की पैदावार आसानी से की जा सकती है। इसके लिए कुसुम, बैर एवं पलाश के पेड़ में लाह के बीज छोड़े जाते है। लैम्पस के अध्यक्ष चरवा उरांव ने कहा लाह कि खेती के जरिए हम स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। लाह की खेती करने वाले किसानों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए भटकना नहीं होगा। इसकी व्यवस्था लैम्पस में ही कि जाएगी। मौके पर प्रशिक्षु ग्रामीणों को टूल किट दिया गया। कार्यक्रम में पड़हा राजा विशाल उरांव, लैम्पस प्रबंधक गोयंदी उराईन, सचिव जोसेफ लकड़ा, ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा,पंसस फुलमनी देवी, झुबा उरांव, गोयंदा उरन, दिलीप उरांव, अभिराम उरांव, सोहन लोहरा, रोशन केरकेट्टा, पिंकी लकड़ा, जोसेफ उरांव,पीतांबर गोप,देवनारायण गोप,टोप्पो उरांव,जगरे मिंज,अजय गोप, विष्णु महतो, संजय लोहरा मौजूद थे।

## सेवा भारती का सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती झारखंड का दो दिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग मगंलवार को रांची के जोन्हा स्थित सेवाधाम में आयोजित हुआ। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। बुधवार तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में 12 जिलों के 75 महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हैं। मौके पर सेवा भारती के सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग की भूमिका को बताते हुए गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि संगठनात्मक संरचना विस्तार को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ है। सेवा भारती के कार्यों को सेवा बस्तियों और सेवा ग्रामों तक ले जाकर गति प्रदान करना है। सेवा सारथी कार्यकर्ता नीचे के सेवा कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रीयता जागृत रहनी चाहिए। उन्होंने पांच मुख्य बिन्दुओं को इंगित करते हुए बताया कि हमें पर्यावरण संरक्षण, जल बचाना, स्वदेशी अपनाना, कुटुम्ब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य का पालन करना है। प्रशिक्षण वर्ग में निफ्ट, हटिया की प्रो सुजाता गुप्ता का पर्यावरण विषय पर एवं सुनील वर्णवाल का परिवार प्रबोधन पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संध्या में भजन आरती का कार्यक्रम हुआ एवं रात्रि विविध कार्यक्रम में सेवा भारती के कार्यों की फिल्म प्रदर्शनी दिखायी गयी।

## नामकुम बाजार में पांच दुकानों में लगी आग

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम बाजार स्थित हनुमान मंदिर के समीप पांच दुकानों में मंगलवार तड़के तीन बजे अचानक आग लग गई। इस आगजनी से फल दुकान व उसके स्टोर, पान दुकान, धोबी की दुकान व जनरल स्टोर में रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मंगलवार को प्रातः भ्रमण पर निकले कुछ स्थानीय लोगों ने दुकान के संचालक शंकर रजक व सतेंद्र यादव को दी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने सभी दुकानों में लगी आग को बुझा दिया। तब तक काफी देर हो चुकी थी। सामान जलकर राख हो गया था। दुकान के संचालकों ने बताया कि आगजनी की घटना में करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, नामकुम पुलिस इस मामले में जांच में जुटी है।

### सिल्ली विधायक ने 1.60 करोड़ की लागतवाली विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

# विकास के मामले में सिल्ली मॉडल पूरे झारखंड की पसंदः सुदेश महतो

**आजसू पढ़ाई, दवाई व न्याय को नारा बना कर कार्य कर रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा के विभिन्न पंचायतों में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने मंगलवार को एक करोड़ करोड़ 60 लाख रुपये की लागत वाली विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। जिसमें जोन्हा राजकीय मध्य विद्यालय में 2 कमरा, गुटिडीह में बनने वाले 1.4 किमी आरईओ सड़क, उच्च विद्यालय टाटी सिंगारी की चहारदीवारी एवं सुरसू पंचायत के बन बरवाडीह में 1200 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। अपने संबोधन में विधायक सुदेश महतो ने कहा कि विकास के सभी मानकों को पूरा करना ही उनका उद्देश्य है। सिल्ली विधानसभा के सभी गांवों को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण कर यहां के लोगों की जीवन शैली में परिवर्तन लाना महत्वपूर्ण है। आज अपने विकास कार्यों से सिल्ली झारखंड में अव्वल विधानसभा का स्थान रखता है। पूरा झारखंड आज सिल्ली मॉडल को पसंद करने लगा है। आजसू शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, एवं न्याय की दिशा में काफी आगे निकल चुकी है। कई ऐसी योजनाएं हैं जो सिर्फ सिल्ली में ही देखने को मिलती हैं चाहे वो स्टूडेंट एक्सप्रेस की बात हो, या फिर खेलो सिल्ली के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर का प्लेटफार्म देने का। इस मौके पर अनगड़ा पूर्वी के जिला परिषद राजेंद्र शाही मुंडा, पंसस दिलीप बेदिया, मुखिया विजय उरांव, सुमित्रा देवी, पंसस शीतल देवी, ग्राम प्रधान जगरनाथ शाही, लोदी बेदिया, बालेश्वर बेदिया, गणेश बेदिया, वार्ड सदस्य सूरज साहू, सीताराम रजवार, बुद्धेश्वर मुंडा, जिला उपाध्यक्ष राजू महली, जिला सचिव शंकर बेदिया, मो रिजावन, वीरेंद्र सिंह मुंडा, महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष घासनी देवी, गुड़िया देवी, सीताराम साहू, श्याम सुंदर बेदिया, सोमरा बेदिया, दीनदयाल बेदिया, छूटू मुंडा, अमर सिंह मुंडा, विक्रम हजाम, किशोर साहू, छुटूलाल बेदिया, बावरी बेदिया, पौलुस उरांव, डब्ल्यू बेदिया, सुरेश बेदिया, भोलानाथ बेदिया, लाखीचरण बेदिया, बबलू आदि उपस्थित थे।



विकास योजनाओं की आधारशिला रखते सिल्ली विधायक सुदेश महतो।

## अभाविप मांडर इकाई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**मांडर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद के मांडर इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने मगंलवार को मांडर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो फैयाज अहमद से मिलकर छात्र हित में 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें खेल कूद की सामग्री यथा शीघ्र उपलब्ध कराने, नई शिक्षा नीति के तहत पुस्तकालय में पुस्तकों की व्यवस्था, यूजी में होम साइंस और पीजी में इंग्लिश और अर्थशास्त्र की पढ़ाई अगले सत्र से आरंभ करने, ड्रेस कोड का पूर्णतः पालन और स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कक्षा का संचालन करना आदि शामिल है। प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य आदर्श प्रसाद ने कहा कि अगर महाविद्यालय एक सप्ताह में मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं किया जाता है तो परिषद छात्र हित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## सड़कें विकास का पैमाना होती हैं : सुदर्शन भगत

**चान्हो और मांडर में विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो/मांडर।** सांसद सुदर्शन भगत और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को चान्हो और मांडर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें खलारी-बीजूपाड़ा रोड के चोरेया मोड़ से चोरेया को जोड़ने वाली सड़क मुख्य है। जिसका शिलान्यास सांसद सुदर्शन भगत, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। सांसद ने कहा कि सड़के विकास का पैमाना होती है। मैं मानता हूं कि यह सड़क बनने में थोड़ी देरी हुई है। लोगों को काफी परेशानी भी हुई, लेकिन हमारे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का ही सपना था कि भारत के सभी गांव को सड़कों से जोड़ा जाए। वहीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी कहा कि यह सड़के काफी पहले बन जानी चाहिए थी। जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीणों का काफी सहयोग रहा। जिससे यह रोड आज बनने के लिए तैयार है। सड़क के खराब हो जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान को अपनी सब्जियां आदि कम कीमतों में बेचनी पड़ रही है। विद्यार्थियों को भी काफी परेशानी हो रही है। यहां तक की सड़क खराब होने की वजह से इस गांव के कई लोगों का रिश्ता भी टूट चुका है। इस सड़क की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी। लेकिन सभी जनप्रतिनिधियों ने आंखें बंद कर ली थी। जिस से चोरिया समेत आसपास के 50 गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर के कई बार विधायक और सांसद से ग्रामीण मिल भी चुके हैं। अंतत इस रोड का शिलान्यास हो जाने से लोगों में खुशी की लहर है।

## विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन 17 मामलों का निपटारा

**15 मार्च तक चलेगा विशेष मध्यस्थता अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में रांची व्यवहार न्यायालय में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान आयोजित हुआ है, जो 15 मार्च तक चलेगा। इसमें वादकारी मध्यस्थता केंद्र रांची आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक, वैवाहिक पुर्नस्थापना, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भादवि की धारा-498ए, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। गौरतलब हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन कुल 32 मामले विभिन्न न्यायालय से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र रांची में आये थे। इनमें से कुल 17 मामलों को सुलझाने में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है।

### बेड़ो में 21वां पहान सम्मान सह प्रार्थना सभा का आयोजन

# आदिवासी पंरपरा और संस्कृति को बचाने की जरूरत : अनिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान में मंगलवार को बेड़ो सरना समिति के तत्वावधान में 21वां वार्षिक पहान सम्मान सह सरना प्रार्थना सभा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सरना धर्मावलंबी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना और धार्मिक गान के साथ हुई। कार्यक्रम में सामाजिक, पारम्परिक सांस्कृतिक रीति रिवाज को अक्षुण्ण बनाये रखने पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर बेड़ो सरना समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि आदिवासी पंरपरा और संस्कृति को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा धर्म एवं संस्कृति पूर्वजों की देन है। इसको जीवंत रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान समिति की ओर से सुका महतो, जतरु पहान, सुका उरांव, मंगल पहान, जयजीत पहान, सुदर्शन भगत, जल्ही महतो, बिरसा पहान, सुकरा उरांव, फगुवा उरांव, नरूवा उरांव, ठुलो पहनाई, रिस्सा पुज्जर व मुखिया सुशांति भगत को पगड़ी पहना कर व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव ने किया। जबकि समारोह को सफल बनाने में आशा एक्का, जल्ही महतो, चारो उरांव, बसंत भगत, चुमानी उरांव, सुकरा भगत, बन्नु भगत, बुधवा पहान, जिगुवा भगत, सुकेन्द्र उरांव, पुनिता उरांव, पूनम तिर्की, बसंती उरांव, संजय उरांव, विनय टोप्पो, सरोज टोप्पो, मंगरी उरांव, मालती उरांव, रितु उरांव, सुखमनी उरांव, आकृति उरांव, अनुकृति उरांव, सुशीला भगत, शांति उरांव, बंधनी उरांव, बिरसमनी उरांव, लीलावती उरांव, प्रमिला उरांव, गोयंदा उरांव, सुका पहान, समिकला तिर्की, सुमन तिर्की, सुको उरांव, समीरा उरांव, सुभाष उरांव, रमेश उरांव, सोमा उरांव, अनिशा उरांव, निशा उरांव, लक्ष्मण उरांव व सुनील उरांव आदि का सराहनीय योगदान रहा।



पहान सम्मान समारोह में मौजूद अतिथि।

# मुंडा जनजाति की भाषा, संस्कृति व पहचान को बनाये रखने की जरूरत : हरदयाल मुंडा

**अनगड़ा में आयोजित हुई भारत मुंडा समाज की सभा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भारत मुंडा समाज की प्रखंड स्तरीय सभा डाक बंगला में हुई। जिसकी अध्यक्षता मधुसूदन मुंडा ने की। इससे पहले भगवान बिरसा मुण्डा, गया मुण्डा, मारेंग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा, पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा, महाराजा मदरा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर हरदयाल मुण्डा ने सींगा बोंगा और मां सरना पर स्व रचित भजन गीत प्रस्तुत किए। मौके पर वक्ताओं ने मुंडाओं की लुप्त हो रही भाषा, संस्कृति, रूढ़िवादी परंपरा, नेग नियम आदि पर अपने अपने विचार दिए और इसे अक्षुण बनाए रखने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस दौरान भारत मुण्डा समाज अनगड़ा प्रखंड समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष रिझुवा मुण्डा, उपाध्यक्ष शिवु मुण्डा, जयशंकर पहान, शिवलाल पहान, जनक मुण्डा, सत्यनारायण मुण्डा, जनमलाल मुण्डा, सीताराम मुण्डा, पुसनाथ मुण्डा, सचिव सोहन मुण्डा, उपसचिव सुकरा मुण्डा, सेवाराम पहान, नन्दकिशोर मुण्डा, कमलाकांत मुण्डा, संगठन सचिव सत्येंद्र मुण्डा, सह संगठन सचिव शंकर मुण्डा, सोहन मुण्डा, कोषाध्यक्ष राजेश पहान, उपकोषाध्यक्ष भीम सिंह मुण्डा, मानेश्वर मुण्डा, मीडिया प्रभारी सोनाराम मुण्डा, कालीचरण मुण्डा, जे मुण्डा एवं हरदयाल मुण्डा बनाए गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में लोकनाथ पहान, विषम शाही मुण्डा, चरका मुण्डा, महावीर मुण्डा, चरका पहान, कृष्णा मुण्डा, मधुसूदन मुण्डा, विवेकानंद शाही, दीपक कुमार मुण्डा, सेवाराम मुण्डा, मुन्ना मुण्डा, असेश्वर मुण्डा, मकर मुण्डा, अरूण मुण्डा, संजय मुण्डा, सालीक मुण्डा, बिरजा मुण्डा, नरसिंह मुण्डा आदि का चुनाव किया गया। सभा में मुख्य रूप से भारत मुण्डा समाज की केन्द्रीय समिति सदस्य रुपलक्ष्मी मुण्डा, नूतन पहान, केंद्रीय कार्यालय प्रभारी पुष्कर पहान, प्रदेश उपाध्यक्ष विशेश्वर मुण्डा, प्रदेश कार्यकारिणी के सत्यदेव मुण्डा, प्रखंड अध्यक्ष रिझुवा मुण्डा, कृष्णा मुण्डा, मधुसूदन मुण्डा आदि शामिल थे।



भारत मुंडा समाज की सभा में उपस्थित लोग।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सभी पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्र संचालित हो : बीडीओ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विकास योजनाएं ही प्रखंड की तस्वीर बयां करती हैं। इन्हीं योजनाओं के सहारे जहां एक ओर ग्रामीण विकास की गाथाएं लिखी जाती हैं, तो दूसरी ओर समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर खुशियों के आसार नजर आते है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास योजनाओं की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक जरूर पहुंचे यही हमारा लक्ष्य एवं उद्देश्य है। उक्त बातें प्रखंड के नये बीडीओ राहुल उरांव ने कही। वे मंगलवार को अपनी पहली समीक्षात्मक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने मनरेगा, 15वीं वित, अबुवा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि, पशुपालन सहित अन्य विकास की योजनाओं के सर्दभ संबधित विस्तृत जानकारी की। कहा कि पंचायत में सभी विभाग से संबंधित फाइल और पंजी अपडेट रहना अनिवार्य है। उन्होंने सभी पंचायत भवनों में निश्चित रूप से प्रज्ञा केंद्र का संचालन करने को कहा। पुरानी एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण करने और बंद करने की हिदायत दी है। विकास योजनाओ में एक सप्ताह के अंदर कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, बीपीओ संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन, दुर्गा टाना भगत, सुरेश लिंडा, कृषि पदाधिकारी अनवर अंसारी, पशुपालन पदाधिकारी डा राकेश रंजन, वासुदेव बड़ाइक, भरत स्वासी, प्रखंड नाजिर रितेश कुमार, पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

### साइबर योद्धाओं के निर्माण पर वाइबीएन विवि में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी और डीएसडब्ल्यू के सहयोग से मंगलवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में भविष्य के साइबर योद्धाओं के निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत रांची विश्वविद्यालय वाइबीएन छात्र कल्याण विभाग की डीन डॉ आरती गुप्ता के स्वागत भाषण से हुआ। इस मौके पर जय रावल ने कहा कि साइबर सुरक्षा का मतलब ऑनलाइन स्पेस में सुरक्षा है। अपने ऑनलाइन सामाजिक और वीडियो गेमिंग खातों पर उपयोग की जाने वाली सुरक्षा सेटिंग्स या आपके द्वारा अपने परिवार के उपकरणों पर उपयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर को संदर्भित कर सकता है। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया साक्षी, द्वितीय प्रदीप कुमार वर्मा एवं तृतीय ध्रुब रंजन रहे। मौके पर वाइबीएन विवि प्रशासन समिति आदि के सदस्य-शिक्षक थे।

### आजसू बुद्धीजिवी मंच की बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक नामकुम प्रखंड के केंद्रीय सदस्य संजीव कुमार सिंह की अगुवाई में हुई। जिसमें सर्वप्रथम नामकुम कालीनगर निवासी सह पूर्व कर्णल भगवान यादव, कैप्टन सुरेश कुमार, एक्स आर्मी राजेंद्र राय, हाईकोर्ट अधिवक्ता सुशील कुमार यादव एवं संतोष कुमार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जिन्हें बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय प्रधान सह महासचिव डॉ मुकुल मेहता ने बुके देकर व आजसू का पट्टा पहनाकर व पार्टी की नीति-सिद्धांतों को बताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। भगवान यादव ने कहा कि झारखंड का अगर कोई समुचित विकास कर सकता है तो वो सुदेश महतो ही कर सकते है। बैठक में आजसू के केंद्रीय सचिव पारस नाथ उरांव, जितेन्द्र सिंह आदि थे।

### चलते ऑटो से गिर कर महिला घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना अंतर्गत भाजपा कार्यालय के समीप मंगलवार की सुबह 10.30 बजे चलती ऑटो से गिरकर एक महिला घायल हो गई। उसकी पहचान गीता देवी (40) के रूप में हुई है। वह बेड़ो के पंडा मसिया की रहने वाली है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

